8 **HOTS** सुमति के यजमान और अन्य परिचित लोग लगभग हर गाँव में मिले। इस आधार पर आप सुमति के व्यक्तित्व की किन विशेषताओं का चित्रण कर सकते हैं?

उत्तर सुमति एक मंगोल भिक्षु थे। वह दूर-दूर तक गाँव के लोगों के लिए पुरोहित का काम करता था। वह अपने यजमानों में बहुत लोकप्रिय था। उसके यजमान उस पर बहुत श्रद्धा एवं विश्वास रखते थे। सुमति अत्यंत मिलनसार स्वभाव का था। वह बोधगया से गंडे-ताबीज लाकर अपने यजमानों में बाँटता था। अत्यंत व्यवहार कुशल होने के कारण सभी लोग उसका सम्मान करते थे। वह लेखक को तिब्बत ले जाने में सहायता किया था। वह काफी उदार था। वह तिब्बत-भारत आता जाता रहता था। वह मेहनती भी था।

9 **HOTS** "हालाँकि उस वक्त मेरा भेष ऐसा नहीं था कि उन्हें कुछ भी खयाल करना चाहिए था।" उक्त कथन के अनुसार हमारे आचार-व्यवहार के तरीके वेशभूषा के आधार पर तय होते हैं। आपकी समझ से यह उचित है अथवा अनुचित, विचार व्यक्त कीजिए।

Scanned with CamScanner

उत्तर वेशभूषा व्यक्ति का बाह्य आवरण होता है। साधारण वेशभूषा एवं आचार-विंचार किसी व्यक्ति के उच्च या निम्न स्तर का परिचायक नहीं होता है। अच्छी वेशभूषा वाला व्यक्ति भी गलत या कुत्सित प्रवृत्ति का हो सकता है। कोई व्यक्ति ज्ञानी या अज्ञानी है, बौद्धिक रूप से उच्चस्तरीय है या निम्न स्तर का है, इसका निर्धारण वेशभूषा के आधार पर करना और उसके अनुसार व्यवहार करना उचित नहीं हो सकता है।

10 **यात्रा वृत्तांत के आधार पर तिब्बत की भौगोलिक स्थिति का शब्द चित्र प्रस्तुत कीजिए। वहाँ की स्थिति आपके राज्य/शहर से किस प्रकार भिन्न है?**

उत्तर तिब्बत, भारत और नेपाल के उत्तर में स्थित है। यह समुद्र तल से सोलह-सत्रह हज़ार फीट की ऊँचाई पर स्थित है। इसके रास्ते ऊँचे-नीचे और निर्जन हैं। दक्षिण की ओर पूर्व से पश्चिम तक हिमालय के बर्फ़ से ढके हज़ारों शिखर हैं, जबकि भीटे की ओर दिखने वाले पहाड़ एकदम नग्न हैं। तिङ्री नामक एक विशाल मैदान है, जो पहाड़ों से घिरा हुआ टापू के समान लगता है। तिब्बत की स्थिति हमारे राज्य/शहर से इसलिए भिन्न है, क्योंकि हमारा राज्य/शहर मैदानी भू-भाग में स्थित है, जबकि तिब्बत पहाड़ी और पठारी भू-भाग है।

Scanned with CamScanner